# DEPARTMENT OF

# MSW

# ACADEMIC CALANDER

# GDCR

# 2023-24

सत्र – 2023–24

| क्र. | माह | गतिविधि |
|---|---|---|
| 1. | जुलाई | वृक्षारोपण कार्यक्रम, प्रवेश संबंधी कार्य, पाठ्यक्रम समिति की बैठक (BOS) उन्मुखीकरण कार्यक्रम (Orientation Program) |
| 2. | अगस्त | स्वतन्त्रता पखवाड़ा, स्वतन्त्रता दिवस, सांप्रदायिक सद्भावना दिवस, स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए समूह परिचर्चा, शोध परियोजना की तैयारी, नेक संबंधी कार्य, समाज कार्य परिषद का गठन |
| 3. | सितंबर | शिक्षक दिवस (5 सितंबर), अतिथि व्याख्यान, अन्तर विभागीय व्याख्यान ट्रेंड्स एंड इन टेक्नोलोजी जागरूकता पर कार्यशाला, आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा (स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए पावर पाइंट प्रेजेंटेशन), नेट सेट की कक्षाएँ, एल्युमिनी बैठक, छात्र शिक्षक अभिभावक बैठक |
| 4. | अक्टूबर | अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस, नशा बंद सप्ताह, करियर गाइडेंस पर एक दिवसीय कार्यशाला, विस्तार गतिविधि, नेट सेट की कक्षाएँ, स्वच्छता अभियान, नेक संबंधी कार्य |
| 5. | नवंबर | आन्तरिक मूल्यांकन (स्नातकोत्तर स्तर), विश्व मधुमेह दिवस (14 नवंबर), कौमी एकता सप्ताह, यातायात सुरक्षा सप्ताह; नेट सेट की कक्षाएँ, स्वच्छता अभियान (5 नवंबर), रक्तदान शिविर |

| क्र. | माह | गतिविधि |
|---|---|---|
| 6. | दिसंबर | विश्व एड्स दिवस (1 दिसंबर), अन्तरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस (10 दिसम्बर) |
| 7. | जनवरी | महंत राजा दिग्विजय दास जी की पुण्यतिथि (22 जनवरी), गणतन्त्र दिवस, नेट सेट की कक्षाएं, राष्ट्रीय बालिका दिवस (24 जनवरी), राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी), शैक्षणिक भ्रमण, महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता, |
| 8. | फरवरी | अतिथि व्याख्यान, अन्तर विभागीय व्याख्यान, ट्रेंड्स एंड इन टेक्नोलॉजी जागरूकता पर कार्यशाला, नेट सेट की कक्षाएं, विस्तार गतिविधि ग्रामीण शिविर एवं वर्कशॉप, प्रोजेक्ट संबंधी कार्य |
| 9. | मार्च | आन्तरिक मूल्यांकन, अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च), सामाजिक संस्था का भ्रमण, प्रोजेक्ट संबंधी कार्य, रिसर्च संबंधी कार्य, पल्स पोलियो |
| 10. | अप्रैल | सांस्कृतिक सद्भाव पर कार्यक्रम, सामाजिक आर्थिक सद्भाव पर कार्यक्रम, आंतरिक मूल्यांकन (स्नातकोत्तर स्तर) सामाजिक संस्था का भ्रमण, एजेंसी प्लेसमेंट, ब्लॉक प्लेसमेंट, प्रैक्टिकल वायवा |

| क्र. | माह | गतिविधि |
|---|---|---|
| 11. | मई | अन्तर्राष्ट्रीय श्रम दिवस, प्रोजेक्ट कार्य |
| 12. | जून | परीक्षा सम्बन्धी कार्य |

HEAD
DEPT.OF SOCIAL WORK
GOVT.DIGVIJAY AUTO PG.COLLEGE
RAJNANDGAON (C.G.) 491441

Principal
Govt. Digvijay College
Rajnandgaon (C.G.)

# वार्षिक कैलंडर के परिपालन मे विभागीय गतिविधि

## माह जुलाई

### 1 वृक्षारोपण कार्यक्रम

आज दिनांक 11 /7 /2023 को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण व पर्यावरण जागरूकता के परिप्रेक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम प्राचार्य डॉक्टर के.एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुआ | प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को वृक्षारोपण हेतु जागरूक व प्रेरित किया। समाज कार्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू ने विद्यार्थियों को निरंतर वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया।। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में आम , जामुन , बेल , अशोक, नीम, आवला आदि पौधों का रोपण किया गया।




इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी चर्चा की की कैसे पेड़ लगाने से कार्बन डाइऑक्साइड को हटाने में मदद मिल सकती है। तथा कैसे पेड़ लगाने से क्षेत्र हरा भरा हो जाता है।

### 2 समाज कार्य अध्ययन मंडल बैठक





दिनांक 6 जुलाई 2023 समाज कार्य विभाग में अध्ययन मंडल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अध्ययन मंडल के सभी सदस्य उपस्थित रहे एवं पाठ्यक्रम पर चर्चा की गई। आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज कार्य के पाठ्यक्रम को पूर्व की भांति यथावत रखा जाए। है।

## माह अगस्त

## 2 - समूह परिचर्चा

आज दिनांक 04 /09/2023 को समाजकार्य विभाग द्वारा समूह परिचर्चा का आयोजन किया गया। समाज कार्य विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के आदेशानुसार इस आयोजन में समस्त समाज कार्य के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। इसमें समाजकार्य के प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थि उपस्थित रहे। समूह परिचर्चा हेतु समाज कार्य के सभी विद्यार्थियों को विषय से संबंधित टॉपिक दिया गया है। विषय इस प्रकार है -1. जनसंख्या वृद्धि के कारण 2. पर्यावरण संरक्षण 3. सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिका 4. कानूनी अधिकार 5. नागरिक अधिकार

इन टॉपिक पर समाजकार्य विभाग के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने समूह परिचर्चा की और इस समूह पर परिचर्चा के दौरान विद्यार्थियों ने अपने टॉपिक से संबंधित एक दूसरे से प्रश्न भी किए गए एवं उन प्रश्नों के उत्तर पर चर्चा भी की गई। प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी झगगर साहू ने पर्यावरण संरक्षण पर, दीपक साहू ने जनसंख्या वृद्धि पर, नीरज अग्रवाल ने पर्यावरण संरक्षण पर , केशव कुमार ने पर्यावरण संरक्षण पर, विनोद ने सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिका तथा ओमेंद्र श्याम खोबरागड़े ने जनसंख्या वृद्धि पर तथा तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी प्रतिक बेलेकर ने नागरिक अधिकार पर, आंचल सोनी ने नागरिक अधिकार पर, पूजा देशमुख ने कानूनी अधिकार पर, गुलशन कुमार पटेल ने नागरिक अधिकार पर, तोरण पटेल ने कानूनी अधिकार, लूणकरण लोधी ने पर्यावरण संरक्षण पर तथा आमोस कुर्रे ने जनसंख्या वृद्धि पर व अमित चौबे ने कानूनी अधिकार पर परिचर्चा की जिसमें विशेष रूप मे परिचर्चा के दौरान विद्यार्थियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा उस विषय के बारे में शंका समाधान समाज कार्य के प्राध्यापको द्वारा किया गया।






दिनांक 05 /09 /2023 को शेष विद्यार्थियों का समूह परिचर्चा का आयोजन कराया गया है।जिसमें प्रथम सेमेस्टर के खिलेंद्र साहू ने पर्यावरण संरक्षण पर, स्वप्निल गजभिए जनसंख्या वृद्धि पर, होमेश साहू ने पर्यावरण संरक्षण पर तथा उमेश कुमार साहू ने पर्यावरण संरक्षण पर व भावेश कुमार ने कानूनी अधिकार पर परिचर्चा की गई। इस समूह परिचर्चा में समाज कार्य विभाग के प्राध्यापक श्रीमती शालिनी सोनी और सुश्री तारणी साहू व समाज कार्य के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार से समाज कार्य विभाग द्वारा आयोजित समूह परिचर्चा का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## माह सितंबर

## शिक्षक दिवस

आज दिनांक 05/0 **9 /**2023 को समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉक्टर के. एल . टांडेकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके किया गया व तत्पश्चात सरस्वती वंदना की गई। दीप प्रज्वलन प्राचार्य महोदय समाज कार्य विभागअध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू व समाजशास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉक्टर ए. के. मंडावी द्वारा किया गया।

विद्यार्थियों द्वारा प्राचार्य महोदय व विभागाध्यक्ष डॉ. ए.के. मंडावी व विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू व समस्त अतिथि प्राध्यापकों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। मंच संचालन समाज कार्य प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी ओमेंद्र कुमार द्वारा किया गया। ओमेंद्र ने अपने वक्तव्य में कहा कि शिक्षक दिवस न केवल विद्यार्थी जीवन में अपितु संपूर्ण जीवन में विशेष महत्व होता है।शिक्षक दिवस उन गुरुओं के प्रति श्रद्धा व सम्मान प्रकट करने का अवसर है जो हमारे जीवन के ज्ञानवान व प्रकाशवान बनाते हैं। ज्ञातव्य है कि शिक्षक दिवस डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म के सुअवसर पर प्रतिवर्ष मनाया जाता है। समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू ने अपने उद्बोधन में कहा की शिक्षक दिवस विद्यार्थियों व शिक्षकों का दिवस है। गुरु का जीवन में माता-पिता के बाद सबसे अहम स्थान होता है। गुरु हमारे जीवन के अंधेरे से मुक्त कर प्रकाशवान वह व ऊर्जावान बनाते हैं। हमारे भीतर की शक्ति को एक सकारात्मक दिशा प्रदान करने में सहायक होते हैं

समाज कार्य अतिथि प्राध्यापक श्रीमती शालिनी सोनी ने विद्यार्थियों को नियमित कक्षा में आने हेतु आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी गुरु से नियमित ज्ञान प्राप्त करें, तभी शिक्षक दिवस का औचित्य सार्थक होगा। कार्यक्रम के समापन में आभार प्रदर्शन विद्यार्थी अमित चौबे द्वारा किया गया।

अतिथि प्राध्यापक सुश्री तारणी साहू ने सभी विद्यार्थियों को कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु धन्यवाद दिया व उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी ।कार्यक्रम में समाजशास्त्र से डॉ. ए.के. मंडावी , डॉ. प्रियंका लोहिया, श्रीमती चित्रांशा राठौर उपस्थिति रही।






## माह अक्टूबर

## -- नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली ---------------

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली का 7 अक्टूबर 2023 को आयोजन किया गया . उक्त

रैली का आयोजन प्राचार्य डॉ के. एल. टांडेकर के निर्देशन में तथा समाजशास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ ए.के. मडावी के एवं समाज कार्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया .उक्त नशा मुक्ति रैली आयोजन के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से मानव मंदिर चौक तक रैली का आयोजन किया गया. उक्त रैली के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा द्वारा नशा उन्मूलन हेतु विभिन्न नारे लगाए गए .स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा आम जनता के मध्य नशा उन्मूलन हेतु संदेश दिया गया ,ताकि संपूर्ण भारत को नशा मुक्त बनाया जा सके.









दिग्विजय महाविद्यालय के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली का 7 अक्टूबर 2023 को आयोजन किया गया . उक्त रैली का आयोजन प्राचार्य डॉ के. एल. टांडेकर के निर्देशन में तथा समाजशास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ ए.के. मडावी के एवं समाज कार्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया .उक्त नशा मुक्ति रैली आयोजन के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से मानव मंदिर चौक तक रैली का आयोजन किया गया. उक्त रैली के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा द्वारा नशा उन्मूलन हेतु विभिन्न नारे लगाए गए .स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा आम जनता के मध्य नशा उन्मूलन हेतु संदेश दिया गया ,ताकि संपूर्ण भारत को नशा मुक्त बनाया जा सके।



रायपुर • बुधवार • 11.10.2023 2

नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली आयोजित

स्वच्छता कार्यक्रम ---------

समाज कार्य विभाग मे प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है | जिसके अंतर्गत विभाग तथा महाविद्यालय परिसर मे साफ सफाई की जाती है |इसी के अंतर्गत दिनांक 01/10/23 को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा शनिवार गतिविधि के अंतर्गत " स्वच्छता अभियान " का आयोजन किया गया इसके अंतर्गत समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा विभाग की साफ सफाई की गई |

विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर, महाविद्यालय के पार्किंग स्थल तथा आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता कार्य किया गया | साफ-सफाई एक अच्छी आदत है | स्वच्छ पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिए हर एक को यह आदत बनानी चाहिए | स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मानसिकता का विकास होता है | स्वच्छता हम सब की जिम्मेदारी है | हमें खुद को घर व अपने आसपास समाज, समुदाय और पर्यावरण आदि को रोज स्वच्छ रखने की जरूरत है। उक्त कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू अतिथि प्राध्यापक सुश्री तारिणी साहू ,श्रीमती शालिनी सोनी उपस्थित रहे | अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को स्वच्छता अभियान हेतु शुभकामनाएं दी गई। निरंतर इस तरह से कार्य करने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया गया।




## माह नवंबर

### ------------- कौमी एकता दिवस कार्यक्रम ---------------

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा दिनांक 28/11/23 " कौमी एकता दिवस " पर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया । उक्त रैली का आयोजन प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर के निर्देशन में तथा समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। कौमी एकता दिवस रैली का आयोजन विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से मानव मंदिर चौक तक किया गया। उक्त रैली के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा कौमी एकता दिवस पर जन जागरूकता हेतु विभिन्न नारे लगाए गए। स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा आम जनता के मध्य सभी जाति,धर्म एवं भाषा एक समान है। तथा आपस में सामंजस्य व समन्वय बनाए रखने हेतु संदेश दिया गया। संपूर्ण समाज में एकता व सोहद्रता बनी रहे।उक्त कार्यक्रम में समाज का विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू, स्ववित्तिय प्राध्यापक तारिणी साहू , श्रीमती शालिनी सोनी एवं विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।







## ---------------- यातायात सुरक्षा सप्ताह -------------

दिनांक 29 /11/ 2023 को समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह पर जन जागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया । उक्त रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर के निर्देशन में तथा समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से नंदई चौक तक रैली का आयोजन किया गया।उक्त रैली के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह पर जन जागरूकता हेतु विभिन्न नारे लगाए गए । नंदई चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

नुक्कड़ में विभिन्न स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा आम जनता के मध्य यातायात सड़क सुरक्षा नियमों व सड़क दुर्घटनाओं से बचने का संदेश दिया गया , ताकि लोगों को सड़क दुर्घटना में होने वाले हानि से बचाया जा सके। उक्त कार्यक्रम में समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू , स्ववित्तीय प्राध्यापक सुश्री तारिणी साहू व श्रीमती शालिनी सोनी एवं समाज कार्य विभाग के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे व कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।






## रक्तदान शिविर -----------

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनंदगांव में 30 नवंबर 2023 को दैनिक भास्कर समूह द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा स्वयंसेवक के रूप में अपना सहयोग प्रदान किया गया| उक्त कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के एल. टांडेकर के निर्देशन में व समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। समाज कार्य के विद्यार्थियों द्वारा शिविर में रक्तदान भी किया गया |महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.के. एल. टांडेकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान महादान है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी की जिंदगी बचा सकता है। प्राचार्य महोदय द्वारा विद्यार्थियों को रक्तदान हेतु प्रेरित किया गया।

विद्यार्थियों को दैनिक भास्कर समूह के द्वारा इस उल्लेखनीय कार्य हेतु प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। उक्त कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष मंडावी, समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू ,अन्य प्राध्यापक गण डॉ. प्रियंका लोहिया , श्रीमती चित्राशा राठौर, सुश्री

तारिणी साहू ,श्रीमती शालिनी सोनी तथा महाविद्यालय के अन्य विभाग से विभिन्न प्राध्यापक गण समाज कार्य के सभी विद्यार्थी उपस्थित होकर रक्तदान महादान शिविर को सफल बनाया गया।

## माह दिसम्बर

## विश्व एड्स दिवस ----------------

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल, हल्दी में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में "एड्स जागरूकता कार्यक्रम " किया गया। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर के निर्देशन में एवं समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम भ्रमण कर रैली का आयोजन किया गया, जिसमें एड्स जागरुकता संबंधी स्लोगन एवं नारे लगाए गए। समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा बस स्टैंड चौक ग्राम हरदी में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।शाला के प्राचार्य श्री कमल नारायण सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि 'सभी विद्यार्थी एड्स के प्रति अपने परिवार और समाज को जागरुक करे तथा इस रोग से कैसे बचा जा सकता इसके संबंध में जानकारी भी देवे।' विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू ने अपने उद्बोधन ने कहा कि समाज कार्य विभाग का मूल उद्देश्य वर्किंग विद कम्युनिटी है अर्थात समाज के साथ रहकर कार्य करना और इस उद्देश्य को लेते हुए समाज कार्य विभाग विद्यार्थियों द्वारा ग्राम हल्दी में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। एड्स के प्रति जागरूकता विषय पर भाषा, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन शाला परिसर में किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए । कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त प्राध्यापक तारिणी साहू द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में शाला परिवार से टीकेशवर कुमार वर्मा ,घनश्याम सिंह साहू ,चम्पेश्वर सान्गिया, सुनील चंद्राकर ,अमित शर्मा एवं प्राचार्य कमल नारायण सिंह तथा महाविद्यालय से समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू, स्ववित्तिय प्राध्यापक तारिणी साहू एवं श्रीमती शालिनी साहू तथा समाज कार्य विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।


















**विश्व एड्स दिवस पर हल्दी में एड्स जागरूकता कार्यक्रम**

**राजनांदगांव.** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल, हल्दी में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में एड्स जागरूकता कार्यक्रम किया गया. उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर के निर्देशन में एवं समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम भ्रमण कर रैली का आयोजन किया गया, जिसमें एड्स जागरुकता संबंधी स्लोगन एवं नारे लगाए गए. समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा बस स्टैंड चैक ग्राम हरदी में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया. शाला के प्राचार्य कमल नारायण सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि सभी विद्यार्थी एड्स के प्रति अपने परिवार और समाज को जागरुक करे तथा इस रोग से कैसे बचा जा सकता इसके संबंध में जानकारी भी देवे।श्र् विभागाध्यक्ष ललिता साहू ने अपने उद्बोधन ने कहा कि समाज कार्य विभाग का मूल उद्देश्य वर्किंग विद कम्युनिटी है अर्थात समाज के साथ रहकर कार्य करना और इस उद्देश्य को लेते हुए समाज कार्य विभाग विद्यार्थियों द्वारा ग्राम हल्दी में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. एड्स के प्रति जागरूकता विषय पर भाषा, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन शाला परिसर में किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यार्थियों ने भाग लिया. प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए. कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त प्राध्यापक तारिणी साहू द्वारा किया गया. कार्यक्रम में शाला परिवार टीकेशवर कुमार वर्मा, घनश्याम सिंह साहू,चम्पेश्वर सान्गिया, सुनील चंद्राकर, अमित शर्मा एवं प्राचार्य कमल नारायण सिंह तथा महाविद्यालय से समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू, स्ववित्तिय प्राध्यापक तारिणी साहू एवं श्रीमती शालिनी साहू तथा समाज कार्य विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे.

---------------

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस

--------------------

अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के समाज कार्य

विभाग द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉक्टर के.एल. टांडेकर के निर्देशन में एवं समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस दिनांक 10/12/23 गूगल मीट के द्वारा " ऑनलाइन सामूहिक परिचर्चा " का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थी प्रतीक बेलकर के द्वारा किया गया ।उक्त कार्यक्रम में समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू ने अपने को उदबोधन में कहा कि यह अत्यंत हर्ष एवं गौरव विषय है कि आज हम मानव अधिकार दिवस के 75 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मानव अधिकार दिवस के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी कि मानव अधिकार क्या है ।1948 में राष्ट्र संघ द्वारा 10 दिसंबर को मानव अधिकार की सार्वभौमिक घोषणा की गई। समाज कार्य के विद्यार्थियों को मानव अधिकार की थीम " स्वतंत्रता , समानता और न्याय " के बारे में जानकारी दी गई। संस्था के प्राचार्य डॉक्टर कल टांडेकर महोदय द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि भारत सहित विश्व के अधिकांश देशों में प्राध्यापक तारणी साहू ने मानव अधिकार दिवस मनाने के उद्देश्य के बारे में बताया कि शांति और सुरक्षा हमारा एकमात्र उद्देश्य है। कार्यक्रम के समापन में प्राध्यापक श्रीमती शालिनी सोनी द्वारा मानव अधिकार को ऑनलाइन सामूहिक परीचर्चा के रूप में मनाने व सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया|

द्वितीय दिवस 11/12 /2023 को " अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस " के उपलक्ष्य में जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से जय स्तंभ चौक तक मानव अधिकार जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा "जब होगी मानव अधिकारों की रक्षा , तब समाज में सब का विकास होगा अच्छा" तथा "हर इंसान है प्यार का हकदार , सबको मिले समानता का अधिकार" जैसे विभिन्न नारे लगाए गए। साथ ही लोगों को उनके मानव अधिकारों के प्रति जागृत किया व उनका स्वयं के तथा दूसरे के अधिकारों का सम्मान करने का संदेश दिया। उक्त कार्यक्रम में समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू, स्ववितीय प्राध्यापक सुश्री तारणी साहू , श्रीमती शालिनी सोनी , एवं समाज कार्य विभाग के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे व कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।






माह जनवरी

-------- राष्ट्रीय मतदाता दिवस -------------

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा 23 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया .उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर निर्देशन में तथा समाज कार्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया .उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से मानव मंदिर चौक तक रैली निकाली गई . रैली के माध्यम से नागरिकों को मतदान हेतु जागरूक करने का प्रयास किया गया. विभिन्न स्लोगन के माध्यम से नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया गया. उक्त रैली में समाज कार्य विभाग के विद्यार्थी एवं अतिथि प्राध्यापक सुश्री तारिणी साहू एवं श्रीमती शालिनी सोनी उपस्थित रहे.








## --------------- राष्ट्रीय बालिका दिवस ------------------

दिनांक 24 जनवरी 2024 को समाज कार्य विभाग शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में "राष्ट्रीय बालिका दिवस " कार्यक्रम का आयोजन किया गया. उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर से नंदई चौक तक रैली का आयोजन किया गया तदुपरांत महाविद्यालय परिसर में रंगोली प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।उक्त कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के निर्देशन में एवं समाज कार्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया है। रैली में विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न नारे लगाए गए। जिसका उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर में भाषण प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि "राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य समाज में बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है,बेटियां समाज का आधार स्तंभ है एवं देश का भविष्य है। समाज कार्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि "आज समाज में विभिन्न स्तर पर सशक्त महिलाएं हैं वहीं दूसरी ओर ऐसी बालिकाएं भी है जो आधारभूत सुविधाओं से वंचित है ,इस दिवस का उद्देश्य इन बालिकाओं को सशक्त बनाना है तथा आधारभूत सुविधाओं से परिपूर्ण बनाना है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान पर चयनित विद्यार्थियों को प्राचार्य महोदय के द्वारा प्रमाण पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।कार्यक्रम के समापन में धन्यवाद ज्ञापन अतिथि प्राध्यापक तारिणी साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समाज शास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ ए.के. मंडावी,डॉ प्रियंका लोहिया, श्रीमती चित्रांशी राठौर ,विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू, तारिणी साहू, श्रीमती शालिनी सोनी उपस्थित रहे।


GPS Map Camera
राजनांदगांव, छत्तीसगढ़, भारत
32RH+JWH, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ 491441, भारत
Lat 21.091686°
Long 81.030036°
24/01/24 12:14 PM GMT +05:30
Google




A-2
समाज कार्य विभाग (MSW)
GPS Map Camera
राजनांदगांव, छत्तीसगढ़, भारत
32RH+JWH, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ 491441, भारत
Lat 21.091719°
Long 81.029994°
24/01/24 01:26 PM GMT +05:30
Google




शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर
समाज कार्य विभाग (MSW)
GPS Map Camera
राजनांदगांव, छत्तीसगढ़, भारत
32RJ+J3H, in front of Digvijay College, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ 491441, भारत
Lat 21.091788°
Long 81.030078°
24/01/24 01:21 PM GMT +05:30
Google



## राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना - डॉ. के. एल. टांडेकर

राजनांदगांव (दावा)। समाज कार्य विभाग शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर से नंदई चौक तक रैली का आयोजन किया गया, तदुपरांत महाविद्यालय परिसर में रंगोली प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के निर्देशन में एवं समाज कार्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया है। रैली में विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न नारे लगाए गए। जिसका उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर में भाषण प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य समाज में बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है, बेटियां समाज का आधार स्तंभ है एवं देश का भविष्य है। समाज कार्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज समाज में विभिन्न स्तर पर सशक्त महिलाएं हैं वहीं दूसरी ओर ऐसी बालिकाएं भी है जो आधारभूत सुविधाओं से वंचित है, इस दिवस का उद्देश्य इन बालिकाओं को सशक्त बनाना है तथा आधारभूत सुविधाओं से परिपूर्ण बनाना है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान पर चयनित विद्यार्थियों को प्राचार्य के द्वारा प्रमाण पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के समापन में धन्यवाद ज्ञापन अतिथि प्राध्यापक तारिणी साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग अध्यक्ष डॉ ए.के. मंडावी, डॉ प्रियंका लोहिया, श्रीमती चित्रांशी राठौर, विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू, तारिणी साहू, श्रीमती शालिनी सोनी उपस्थित रहे।

० बेटियां समाज का आधार स्तंभ है एवं देश का भविष्य है – प्रो. ललिता साहू ० समाज कार्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का आयोजन

--------

माह फरवरी

-------- ग्रामीण शिविर ------------

दिनांक 22 /02/ 2024 को शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय ,राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम राजा भानपुरी में " ग्रामीण शिविर " का आयोजन किया गया। उक्त ग्रामीण शिविर का आयोजन प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर के निर्देशन में तथा समाज विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में समाजकार्य विभाग की आतिथि प्राध्यापक सुश्री तारिणी साहू ने शिविर के उद्देश्यों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी।उक्त ग्रामीण शिविर में सिकल सेल, रक्तचाप, शुगर एवं रक्त की जांच की गई व सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। दंत चिकित्सा विभाग द्वारा दंत परीक्षण भी किया गया। परीक्षण उपरांत ग्रामीणों को आवश्यक दवाई का नि:शुल्क वितरण भी किया गया । ग्राम राजा भानपुरी की सरपंच श्रीमती गायत्री साहू जी ने समाज कार्य विभाग के इस कार्य हेतु महाविद्यालय परिवार का धन्यवाद ज्ञापन किया गया । उक्त ग्रामीण शिविर में शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय सुंदरा के डॉक्टर एवं स्टाफ तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजा भानपुरी के स्टाफ ,ग्राम भानपूरी के सरपंच तथा ग्रामवासी समाज कार्य विभाग से अतिथि प्राध्यापक सुश्री तारिणी साहू एवं श्रीमती शालिनी सोनी तथा समाज कार्य विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।


GPS Map Camera
Bhanpuri, छत्तीसगढ़, भारत
3WVM+23V, Bhanpuri, छत्तीसगढ़ 491441, भारत
Lat 21.091272°
Long 80.930708°
22/02/24 02:53 PM GMT +05:30
Google


आपका हार्दिक स्वागत
GPS Map Camera
Vanpuri, Chhattisgarh, India
3WRM+W3W, Vanpuri, Chhattisgarh 491441, India
Lat 21.092309°
Long 80.932633°
22/02/24 12:16 PM GMT +05:30
Google


समाज कार्य विभाग (MSW)
आपका हार्दिक स्वागत करता है
ग्रामीण शिविर
GPS Map Camera
Bhanpuri, छत्तीसगढ़, भारत
3WVM+23V, Bhanpuri, छत्तीसगढ़ 491441, भारत
Lat 21.091272°
Long 80.930708°
22/02/24 02:59 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
वन्पुरी, छत्तीसगढ़, भारत
3WRJ+VXQ, वन्पुरी, छत्तीसगढ़ 491441, भारत
Lat 21.092079°
Long 80.932644°
22/02/24 11:39 AM GMT +05:30
Google

## शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा ग्राम राजा भानपुरी में ग्रामीण शिविर का आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। आज दिनांक 22.02.2024 को शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय ,राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम राजा भानपुरी में ग्रामीण



शिविर का आयोजन किया गया। उक्त ग्रामीण शिविर का आयोजन प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर के निर्देशन में तथा समाज विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में समाजकार्य विभाग की आतिथि प्राध्यापक सुश्री तारिणी साहू ने शिविर के उद्देश्यों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी।उक्त ग्रामीण शिविर में सिकल सेल, रक्तचाप, शुगर एवं रक्त की जांच की गई व सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। दंत चिकित्सा विभाग द्वारा दंत परीक्षण भी किया गया। परीक्षण उपरांत ग्रामीणों को आवश्यक दवाई का निरूशुल्क वितरण भी किया गया । ग्राम राजा भानपुरी की सरपंच श्रीमती गायत्री साहू जी ने समाज कार्य विभाग के इस कार्य हेतु महाविद्यालय परिवार का धन्यवाद ज्ञापन किया गया । उक्त ग्रामीण शिविर में शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय सुंदरा के डॉक्टर एवं स्टाफ तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजा भानपुरी के स्टाफ,ग्राम भानपूरी के सरपंच तथा ग्रामवासी समाज कार्य विभाग से अतिथि प्राध्यापक सुश्री तारिणी साहू एवं श्रीमती शालिनी सोनी तथा समाज कार्य विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

माह मार्च

-- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस -----------

दिनांक 15/03/2024 को शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग द्वारा "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस " का आयोजन प्राचार्य डॉ के.एल.टांडेकर के निर्देशन में तथा समाजकार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू , समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. ए.के मंडावी तथा महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. मीना प्रसाद, आई क़्यू ए सी समन्वयक डॉ.अनीता साहा एवं एनएसएस प्रभारी श्रीमती करुणा रावटे के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य अतिथि के रूप में आई.ए.एस सुरुचि सिंह सीईओ जिला पंचायत राजनांदगांव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री फुलबासन देवी यादव उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एकेडमिक चिकित्सा प्रशासन, समाज सेवा आदि विभिन्न क्षेत्रों से आमंत्रित किए गए, जिसमें डॉ. हेमलता महोबे ( पूर्व प्राचार्य दिग्विजय महाविद्यालय) , श्रीमती श्यामा टांडेकर वरिष्ठ समाज सेविका, श्रीमती मलय जैन, फाउंडर " एक कदम" सामाजिक संस्था, डॉ रचना पांडे ,प्राचार्य, कनफ्लुएंस कॉलेज ऑफ़ हाईयर एजूकेशन पारीकला राजनांदगांव, डॉ अनुराधा शुक्ला प्राचार्य रॉयल कॉलेज लालबाग राजनांदगांव, डॉ इंदु पदमें ,एसोसिएट प्रोफेसर कम्युनिटी मेडिसिन, मेडिकल कॉलेज पेंड्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुरुआत में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों द्वारा माता सरस्वती के प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर

फूलमाला अर्पित किया गया तथा राजकीय गीत "अरपा पैरी के धार" गीत गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के शुरुआत में डॉ. मीना प्रसाद ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।उन्होंने यह जानकारी दी कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सन 1975 से मान्यता प्राप्त है।तथा यह विभिन्न क्षेत्रों जैसे सामाजिक,राजनीतिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक इत्यादि क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान का सम्मान करने हेतु मनाया जाता है। एवं 8 मार्च की तारीख रूस ने तय की तथा 1996 से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस संपूर्ण विश्व मना रहा है। प्राचार्य डॉक्टर के.एल.टांडेकर ने समस्त अतिथियों का स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया एवं उद्बोधन में उन्होंने समाज में महिला की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए यह कहा कि" यदि हम अपने समाज एवं देश को प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ना चाहते हैं तो नारी का सक्षम एवं सशक्त होना आवश्यक है।"

समस्त अतिथियों ने अपने उद्बोधन में अपने-अपने जीवन में आई परेशानियों एवं विषम परिस्थितियों का वर्णन करते हुए समस्त छात्राओं को उन विषम परिस्थितियों से लड़कर सफलता हासिल करने हेतु प्रेरित किया। महिला शिक्षिकाएं विशेष रूप से कक्षा में सकारात्मक और समावेशी शिक्षक वातावरण बनाने हेतु भावी पीढ़ी के दिमाग को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा के क्षेत्र में अटूट प्रतिबद्धता और प्रभाव के लिए शिक्षा के मंदिर "शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय" से जुड़ी समस्त महिला प्राध्यापक, ऑफिस कर्मचारी एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारी सभी महिलाओं का इस कार्यक्रम के माध्यम से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अनीता साहा द्वारा किया गया। समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू ने अपने उदबोधन मे कहा कि " महिलाओं के लिए एक ऐसे समाज के निर्माण को बढ़ावा देना है जहां महिलाएं खुद को समाज से जुड़ा हुआ महसूस कर सके, सशक्त महसूस कर सके । कार्यक्रम के समापन में धन्यवाद ज्ञापन डॉ मंजरी सिंह के द्वारा किया गया । उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता

साहू, अतिथि व्याख्याता डॉ प्रियंका लोहिया, श्रीमती चित्रांशा राठौर, सुश्री तारिणी साहू,श्रीमती शालिनी सोनी एवं समाज कार्य एवं समाजशास्त्र विभाग कसमस्त छात्राएं भी उपस्थित रहे।









।कार्यक्रम के समापन में प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र के सभी स्टाफ का सहयोग प्रदान करने व इस अवलोकन दौरा को सफल बनाने के लिए समाज कार्य के स्वविवितीय प्राध्यापक सुश्री तारिणी साहू द्वारा आभार व्यक्त किया गया ।













2 श्री भगवान महावीर  समता वृद्धाश्रम राजनांदगांव

आज दिनांक 13.4.2024 को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा श्री भगवान महावीर  समता वृद्धाश्रम का अवलोकन दौरा व भ्रमण किया गया। इस संस्था के प्रबंधक कमलेश

कोसले के द्वारा जानकारी दिया गया कि आश्रम में उनके लिए क्या-क्या सुविधा उपलब्ध होती है।तत्पश्चात सभी विद्यार्थियों ने आदरणीय वृद्ध जनों के साथ व्यक्तिगत रूप से चर्चा किया गया तथा वृद्ध जनों के उनके अनुभवों से अवगत हुए एवं उनकी समस्याओं का सामाजिक अलगाव पन से रूबरू हुए ।

वृद्धाश्रम में वर्तमान में वृद्ध जनों की संख्या 44 है जिसमें महिलाएं 27 है और पुरुष की संख्या 17 है संस्था के निर्देशक श्री गौतम पारख जी ने संस्था के उद्देश्य के बारे में बताया कि जिन  वृद्ध जनों को परिवार के द्वारा बहिष्कृत कर दिया और उन वृद्ध जनों को रास्ते में भिक्षावृत्ति के लिए छोड़ दिया जाता है उन लोगों को आश्रय देना ताकि वे अपना जीवन शांतिपूर्ण व्यतीत कर सके  कार्यक्रम के समापन में समाज कार्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के द्वारा आभार व्यक्त किया |







3 समर्थ दिव्यांगजनों का स्कूल ( शासकीय बौद्धिक मंद विद्यालय, राजनांदगांव)




दिनांक 15 /4/ 2024 को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा शासकीय बौद्धिक  मंदता वाले बालक बालिकाओं के लिए विशेष विद्यालय का अवलोकन दौरा किया गया। संस्था के प्रभारी श्रीमती दीप्ति देवांगन नारायण के द्वारा विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों के बारे में बताया गया कि मानसिक रूप से कमजोर वाले 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों के देखभाल की प्रक्रिया को बताया गया।  विकलांगता दर 7% से बढ़कर   21 % हो गया है |संस्था में आवासीय बच्चों को रखा जाता है |विद्यालय में कुल सीटों की संख्या 50 है

जिसमें बालक और बालिकाओं दोनों रहते हैं। जिसमें बालक की संख्या 45 व बालिकाओं की संख्या 5 है ।संस्था द्वारा निशुल्क भोजन आवास स्कूल यूनिफॉर्म मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराई जाती है ।कार्यक्रम के समापन में श्रीमती शालिनी सोनी द्वारा आभार व्यक्त किया गया इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।




4 समता जनकल्याण समिति लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना, राजनांदगांव

दिनांक 18 /04/ 2024 को समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा समताजन कल्याण समिति लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना, राजनांदगांव का अवलोकन दौरा किया गया। संस्था के प्रमुख श्री शिशुपाल द्वारा बताया गया कि संस्था द्वारा किस प्रकार शिक्षा जागरूकता ,स्वास्थ्य ,आदिवासी अधिकार, स्वरोजगार एवं पशुपालन एवं नशा मुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक व प्रशिक्षित कार्य किया जाता है। एड्स नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी दिया गया। संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक श्री नागेश्वर सर के द्वारा संस्था के उद्देश्यों से अवगत कराया गया ।कार्यक्रम के समापन में धन्यवाद ज्ञापन समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में समाज कार्य स्ववितीय प्राध्यापक सुश्री तारणी, साहू श्रीमती शालिनी सोनी व समाज कार्य के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।




